NATIONAL TESTING AGENCY

Excellence in Assessment

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)

(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

सार्वजनिक सूचना

13 जुलाई 2021

विषय : संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) – 2021 स्थगित अप्रैल सत्र के प्रवेश पत्र जारी करने के सन्दर्भ में ...

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी 20, 22, 25, **और** 27 **जुलाई** 2021 **को** देश और विदेश के 334 शहरों में स्थित विभिन्न केंद्रों पर स्थगित अप्रैल सत्र (सत्र - 3) के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) - 2021 आयोजित कर रही है। यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। सत्र -3 के लिए पंजीकृत उम्मीदवारों की कुल संख्या 709519 है।

सभी अभ्यर्थी संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) - 2021 के **सत्र – 3** के लिए **जुलाई** 13, 2021 **(मंगलवार)** से आवेदन संख्या एवं जन्म तिथि का उपयोग करके अपना प्रवेश पत्र एवं वचन पत्र वेबसाइट **https://jeemain.nta.nic.in** से डाउनलोड करें। तथा इसमें एवं सूचना विवरणिका में निहित निर्देशों का पालन करें। सत्र – 4 के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अलग से सूचना दी जायेगी।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे प्रश्न पत्र में निहित विषय सम्बंधित निर्देशों एवं अन्य निर्देशों को बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ें और उनका यथानुचित उनका पालन करें।

यदि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र एवं वचन पत्र को डाउनलोड करने में कोई परेशानी होती है तो वे **011-40759000** पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा **jeemain@nta.ac.in** पर ई-मेल भी कर सकते हैं।

अभ्यर्थी ध्यान दें कि प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।

जिन अभ्यर्थियों में एक से अधिक बार आवेदन किया है, उनके प्रवेश पत्र रोक दिए गए हैं, ऐसे अभ्यर्थी इस ई-मेल **jeemain@nta.ac.in** पर सम्पर्क करें।

अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट **www.nta.ac.in** एवं **https://jeemain.nta.nic.in** पर यथासमय अवलोकन करते रहें।

S.Parashar

(डॉ साधना पराशर)
वरिष्ठ निदेशक, परीक्षा